This file has been cleaned of potential threats.

To view the reconstructed contents, please SCROLL DOWN to next page.

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन
ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NUCLEAR POWER CORPORATION
OF INDIA LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

विक्रम साराभाई भवन
मध्य मार्ग, अणुशक्तिनागर
मुंबई-400094

फोन कार्यालय/Phone(O)
फ़ैक्स / Fax
ई-मेल/E-mail

Vikram Sarabhai Bhavan
Central Avenue Road
Anushaktinagar
Mumbai-400094
022-25991210
022-25991218
bvssekhar@npcil.co.in

बी.वी.एस. शेखर
उत्कृष्ट वैज्ञानिक
सह निदेशक (सीपी एवं सीसी)
एवं अपीलीय प्राधिकारी

B.V.S. Sekhar
Outstanding Scientist
Associate Director (CP&CC)
& Appellate Authority

प्रेस विज्ञप्ति

३० नवम्बर, २०२३

आरएपीपी-7 की हॉट कंडीशनिंग सफलतापूर्वक संपन्न

स्वदेशी 700 मेगावाट विद्युत रिएक्टरों की श्रृंखला की राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना 7 व 8 (आरएपीपी- 7 व 8) की इकाई-7 ने 30 नवंबर, 2023 को प्राथमिक ऊष्मा परिवहन प्रणाली (पीएचटी) की हॉट कंडीशनिंग का एक महत्वपूर्ण मीलस्तंभ सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। हॉट कंडीशनिंग एक कमीशनिंग प्रक्रिया होती है जिसके माध्यम से पीएचटी प्रणाली की कार्बन स्टील पाइपिंग की भीतरी सतहों में मैग्नेटाइट की, चिपकने वाली बचाव परत विकसित की जाती है। लगभग 256 डिग्री सेल्सियस का तापमान व लगभग 100 किग्रा/वर्ग सेमी का दाब बनाए रखते हुए पीएचटी प्रणाली में नियंत्रित केमेस्ट्री के साधारण जल का परिचालन करते हुए हॉट कंडीशनिंग हासिल की गई।

आगे के कमीशनिंग कार्यकलापों जैसे प्रारंभिक ईंधन भरण (आईएफएल), क्रांतिकता का पहला कदम (एफएसी) व अंततः विद्युत उत्पादन प्रारंभ करने के लिए यह प्रारंभिक चरण है।

आरएपीपी-7, रावतभाटा, राजस्थान में निर्माणाधीन परियोजना आरएपीपी- 7 व 8 (2X700 मेगावाट) की पहली इकाई है। इसकी युग्म इकाई आरएपीपी-8 निर्माण के अग्रिम चरण में है। वर्तमान में, रावतभाटा स्थल पर कुल 1180 मेगावाट विद्युत क्षमता वाली छह इकाइयां प्रचालनरत हैं। इन इकाइयों के क्रमशः पूर्ण हो जाने पर इस स्थल की संस्थापित विद्युत क्षमता बढ़कर 2580 मेगावाट विद्युत हो जाएगी।

आरएपीपी 7 व 8, न्यूक्लियर विद्युत की वर्तमान 7480 मेगावाट क्षमता को वर्ष 2031-32 तक बढ़ाकर 22480 मेगावाट करने के लिए क्रियान्वित किए जा रहे व्यापक न्यूक्लियर विद्युत क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का एक भाग हैं।

B.V.S.Sekhar Digitally signed by B.V.S.Sekhar
Date: 2023.11.30 16:08:18 +05'30'